# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

पत्रांक– 1515 /मीरजापुर/ 15 दिनांक मीरजापुर, अक्टुबर 13 2020

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,
मीरजापुर।

विषय– ओबरा–सी बदायूँ ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 400 के0वी0 डबल सर्किट जौनपुर–ओबरा पारेषण लाइन निर्माण हेतु मीरजापुर वन प्रभाग में प्रभावित 46.879 हे0 आरक्षित एवं संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग तथा प्रभावित 364 वृक्षों एवं 494 बॉस कोठी में से 238 वृक्षों एवं 290 बॉस कोठी के पातन के सम्बन्ध में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् अनुमति प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ का पत्र संख्या–830/11–सी–FP/UP/TRANS/40906/2019, लखनऊ दिनांक 10.10.2020 ।

महोदय,

ओबरा–सी बदायूँ ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 400 के0वी0 डबल सर्किट जौनपुर–ओबरा पारेषण लाइन निर्माण हेतु मीरजापुर वन प्रभाग में प्रभावित 46.879 हे0 आरक्षित एवं संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग तथा प्रभावित 364 वृक्षों एवं 494 बॉस कोठ में से 238 वृक्षों एवं 290 बॉस कोठों के पातन के सम्बन्ध में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् अनुमति प्रस्ताव के सम्बन्ध में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के सन्दर्भित पत्र द्वारा परीक्षणोपरान्त 03 बिन्दुओं पर आपत्ति उठायी गयी है, जिनका निवारण कर अपेक्षित सूचना/अभिलेख निम्न प्रकार प्रेषित है :–

| क0 सं0 | उठायी गयी कमियॉ | निवारण |
|---|---|---|
| 1– | भारत सरकार की आपत्ति संख्या–2 के निराकरण के कम में आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रस्ताव राज्य वन्य जीव परिषद में विचाराधीन है। भारत सरकार के पत्र संख्या–11–327/2015 एफ0सी0, दिनांक 14.08.2015 तथा वन (संरक्षण)अधिनियम 1980 के विस्तृत गाइडलाइन (2019) में उल्लिखित 12.3 के अनुसार प्रस्ताव पर एक साथ कार्यवाही की जा सकती है किन्तु भारत सरकार द्वारा उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के द्वारा राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की अनुमति उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है। अतः राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की अनुमति संलग्न करें। | प्रस्तावक विभाग द्वारा ए0बी0एल0डब्लू के सम्बन्ध में उपलब्ध कराया गया वचनबद्धता प्रमाण पत्र (**UNDERTAKING FOR NBWL, APROVAL FOR WILDLIFE INVOLEMENT**) संलग्न है। |
| 2– | भारत सरकार की आपत्ति संख्या–3 के निराकरण के कम में प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर द्वारा क्षतिपूरक वनीकरण हेतु पुनः चयनित स्थल 94 हे0 का संशोधित **Sol Toposheet** संलग्न नही किया गया है। | भारत सरकार की आपत्ति संख्या–3 के निराकरण के कम में इस वन प्रभाग द्वारा क्षतिपूरक वनीकरण हेतु पुनः चयनित स्थल 94 हे0 का संशोधित Sol Toposheet संलग्न कर दिया गया है। |
| 3– | भारत सरकार की आपत्ति संख्या– 5 के निराकरण के कम में प्रभागीय वनाधिकारी, वाराणसी द्वारा संशोधित क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित स्थल का **Geo Referenced Digital Map** एवं प्रॉक्कलन संलग्न नही है। | मीरजापुर वन प्रभाग से सम्बन्धित नही है। |

संलग्नक– उपरोक्तानुसार 04 प्रतियों में सी0डी0 सहित ।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर

संख्या 1515 अ/समदिनांक

प्रतिलिपि महाप्रबन्धक, ओबरा–सी, बदायूँ ट्रांसमिशन लिमिटेड ,मकान नं0–116, ग्रीन पार्क कालोनी, बिलासपुर रोड, बरेली –243006 उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर